प्रयागराज में बनेगी दूसरी SSH लैब

चर्चा में क्यों?

प्रयागराज में जल्द ही दूसरा **सेंटिनल सर्विलांस हॉस्पिटल लैब (SSH लैब)** स्थापित किया जाने वाला है, जो [डेंगू वायरस](#) के निदान के लिये एक महत्त्वपूर्ण सुविधाकेंद्र होगा।

मुख्य बिंदु:

- वर्तमान में, प्रयागराज ज़िले में केवल **मोती लाल नेहरू (MLN) मेडिकल कॉलेज** के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में स्थित एक SSH लैब है।
- **राष्ट्रीय डेंगू दिवस (16 मई 2024)** मनाने के लिये MLN कॉलेज में आयोजित एक कार्यशाला में इस बात पर चर्चा की गई कि वर्ष 2024 के अंत से पहले तेज बहादुर सप्रू अस्पताल, जिसे बेली अस्पताल भी कहा जाता है, में एक विशेष डेंगू परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है।
- डेंगू दिवस- 2024 की थीम '**Connect with the community and control dengue.**' अर्थात् समुदाय से जुड़ना और डेंगू को नियंत्रित करना था।

डेंगू

- **परिचय:**
  - डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो **डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवीवायरस)** के कारण होती है, इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज़ (Genus Aedes) प्रजातियों, मुख्य रूप से एडीज़ इजिप्टी (Aedes Aegypti) द्वारा होता है
    - यह मच्छर [चिकनगुनिया](#), **पीला बुखार (Yellow fever) और** [जीका संक्रमण](#) भी फैलाता है।
  - डेंगू को उत्पन्न करने वाले चार अलग-अलग परंतु आपस में संबंधित सीरोटाइप (सूक्ष्मजीवों की एक प्रजाति के भीतर अलग-अलग समूह जिनमें एक समान विशेषता पाई जाती है) DEN-1, DEN-2, DEN-3 और DEN-4 हैं।
- **लक्षण:**
  - अचानक तेज़ बुखार, तेज़ सिर दर्द, आँखों में दर्द, हड्डी, जोड़ और मांसपेशियों में तेज़ दर्द आदि
- **निदान और उपचार:**
  - डेंगू संक्रमण का निदान रक्त परीक्षण से किया जाता है।
  - डेंगू संक्रमण के उपचार के लिये कोई विशिष्ट दवा नहीं है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prayagraj-to-get-2nd-ssh-lab